कूट :

	a	b	c
(a)	3	2	1
(b)	3	1	2
(c)	1	2	3
(d)	1	3	2

पटवार -2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-IV

Ans. (b) – सही सुमेल इस प्रकार हैं-

जल महल	-	जयपुर
एक थंबा महल	-	जोधपुर
जूनागढ़ किला	-	बीकानेर

974. निम्नलिखित को सुमेलित करें:

a	तारागढ़ किला	1.	जोधपुर
b	जयगढ़ का किला	2.	अजमेर
c	कीर्ति स्तंभ	3.	चित्तौड़गढ़
d	मेहरानगढ़ किला	4.	जयपुर

कूटः

	a	b	c	d
(a)	2	4	3	1
(b)	1	2	3	4
(c)	2	4	1	3
(d)	2	3	4	1

पटवार -2020 (23 अक्टूबर, 2021)

Ans. (a) – सही सुमेलन इस प्रकार है-

सूची -I	**सूची -II**
तारागढ़ किला	अजमेर
जयगढ़ किला	जयपुर
कीर्ति स्तम्भ	चित्तौडगढ़
मेहरानगढ़ किला	जोधपुर

975. किले और उनके स्थान का निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?

किले का नाम	**स्थल**
(a) गागरोन का किला	झालावाड़
(b) मेहरानगढ़	जोधपुर
(c) भानगढ़	अलवर
(d) भटनेर किला	बीकानेर

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)-2020

Ans. (d) – सही सुमेलन इस प्रकार है–

किले का नाम		**स्थल**
(a) गागरोन का किला	–	झालावाड़
(b) मेहरानगढ़	–	जोधपुर
(c) भानगढ़	–	अलवर
(d) भटनेर किला	–	हनुमानगढ़

(x) राजस्थान दर्शन (प्रमुख मंदिर, मस्जिद, दरगाह, बावड़ी, छतरी, पर्यटन स्थल एवं अन्य)

976. बडोली (कोटा) के शिव मन्दिर का निर्माण किसने करवाया?

(a) तोरमाण (b) मिहिरकुल
(c) भोज परमार (d) भोज प्रतिहार

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (b) : बडोली (कोटा) के शिव मंदिर का निर्माण मिहिरकुल ने करवाया था। बडोली प्राचीन हिन्दू स्थापत्य कला की दृष्टि से राजस्थान का एक प्रसिद्ध स्थल है। यहाँ स्थित मंदिर समूह में नौ मंदिर है। यहाँ पर शिव के नटराज स्वरूप को उत्कृष्टता से उत्कीर्ण किया गया है। इन मंदिरों को सर्वप्रथम कर्नल टॉड ने सन् 1921 ई. में खोजा था।

977. लोक कला मन्दिर कहाँ स्थित है?

(a) जोधपुर (b) कोटा
(c) उदयपुर (d) अजमेर

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (c) : लोक कला मंदिर उदयपुर में स्थित है। भारतीय लोक कला संग्रहालय की स्थापना मिहिर चौधरी द्वारा वर्ष 1952 में क्षेत्र विशेष की कला, नृत्य और साहित्य में पायी जाने वाली लोक संस्कृति के प्रचार और प्रसार के लिए की गयी थी।

978. मेहरानगढ़ दुर्ग में स्थित चामुण्डा माता मन्दिर की स्थापना किसने की थी?

(a) राव कल्याणमल (b) राव जोधा
(c) महाराज अजीत सिंह (d) दुर्गादास

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (b) : मेहरानगढ़ दुर्ग में स्थित चामुण्डा माता मन्दिर की स्थापना राव जोधा ने की थी। माँ चामुण्डा, जोधपुर राजघराने की इष्ट देवी है। चामुंडा माताजी मन्दिर जोधपुर के मेहरानगढ़ जिले में स्थित है। मंदिर का निर्माण वर्ष 1460 में किया गया था।

979. बूँदी स्थित रंगमहल, जो सुन्दर भित्तिचित्रों से सुसज्जित है, किसने बनवाया?

(a) राव रतन सिंह (b) राव सुरजन सिंह
(c) राव छत्रसाल (d) महाराव बुद्धसिंह

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (c) : बूँदी स्थित रंगमहल, जो सुन्दर भित्तिचित्रों से सुसज्जित है का निर्माण राव छत्रशाल ने करवाया था। वर्ष 1632 में राव राजा छत्रशाल शासक बने। वह बूंदी के सबसे बहादुर, राजसी और न्यायप्रिय राजा थे। उन्होंने केशोरायपटन में केशवाराव का मंदिर और बूंदी में छत्रमहल का निर्माण कराया।

980. पृथ्वीराज की '12 खम्बों की छतरी' निम्नलिखित में से किस किले में स्थित है?

(a) मेहरानगढ़ किला (b) गोगुन्दा किला
(c) चित्तौड़गढ़ किला (d) कुंभलगढ़ किला

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D